कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 80 — दिनांक : 21 / 06 / 2024

प्रति,
श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाषनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

जनसंपर्क अधिकारी

प्रेसनोटः–

कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर में मना दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
निरोगी काया के लिए करें नियमित योग : डॉ. शुक्ला

ग्वालियर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के दंतोपंत ठेंगड़ी सभागार में अंतर्राष्ट्रीष्य योग दिवस 2024 मनाया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय "महिला सशक्तिकरण के लिए योग" है, जो महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने पर केंद्रित है। योग दिवस के अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला ने कहा कि सेहत के साथ ही योग मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण है। स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगासन जरूरी है जिससे हमारे जीवन में हमें कई लाभ प्राप्त होते हैं साथ ही डॉ. शुक्ला ने कहा की आप सभी स्वयं एवं समाज के कल्याण के लिए कार्य करें

कार्यक्रम में निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय. पी. सिंह, लेखा नियंत्रक एवं कुलसचिव श्री अनिल सक्सेना, निदेशक शिक्षण एवं छात्र कल्याण डॉ. एन. एस. भदौरिया, अधिष्ठाता डॉ. एस. एस. तोमर एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी गण मौजूद रहे। कार्यक्रम में गायत्री मंत्र, योग क्रियाएं, ध्यान एवं विभिन्न प्रकार के आसन करवाये गये।